Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding surge in number of deaths during workouts in gyms.

श्री रवि किशन (गोरखपुर): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने के लिए मौका दिया, उसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ। आज पूरे भारत में एक सबसे बड़ी चिंता है और वह यह है कि मेरे कई मित्रों की जिम में वर्कआउट करते हुए अचानक मौत हो गई। मेरे कलाकार दोस्त भी थे, जो कि यंग एज अंडर 30 में थे।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूँ कि स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा एक ऐसा जांच दल गठित हो, जो जांच करे कि यंग एज में ऐसा क्यों हो रहा है? इसके अलावा जिम ट्रेनर किस प्रकार का प्रोटीन रिकमेंड कर रहे हैं? क्या वे इललीगल प्रोटीन्स हैं? यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है।